# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–21 सितम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देसवासियों को कल से शुरू हो रहे नवरात्र पर्व और जीएसटी बचत उत्सव की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्र के पहले दिन से शुरू हो रहा यह बचत उत्सव सभी देशवासियों के लिए लाभकारी होगा। प्रधानमंत्री आज शाम देशवासियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जीएसटी बचत उत्सव के दौरान लोगों की बचत बढ़ेगी।

**हमारे देश के गरीब मध्यम वर्गीय लोग, न्यू मिडिल क्लास, युवा, किसान, महिलाएं, दुकानदार, व्यापारी, उद्यमी सभी को ये बचत उत्सव का बहुत फायदा यानी त्योहारों के इस मौसम में सबका मुँह मीठा होगा।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत बनाने की संकल्पना के अनुरूप प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश के विजन पर कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री आज गोरखपुर के महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दो हजार सैंतालीस तक देश को विकसित बनाने के लिए जो पंच प्रण दिए हैं हम सभी को उसके साथ आगे बढ़ना होगा।

**********

जी.एस.टी. की नई दरें आज आधी रात से लागू हो रही हैं। आम लोगों को राहत देने के लिए उपभोक्ता वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर दरों में कमी की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से, जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। उनका यह सपना तीन सितम्बर को साकार हुआ, जब जी.एस.टी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की। एक रिपोर्ट–

**जीएसटी परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की चार–स्तरीय संरचना से सरल बनाकर 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में बदल दिया है। तंबाकू और विलासिता की वस्तुओं सहित चुनिंदा वस्तुओं के लिए 40 प्रतिशत का एक अतिरिक्त स्लैब की घोषणा की गई है। जीएसटी परिषद ने आम आदमी, श्रम–प्रधान उद्योगों, किसानों और कृषि, को ध्यान में रखते हुए ये निर्णय लिया है । नए ढांचे के तहत, उच्च तापमान वाले दूध, छेना, पनीर, पिज्जा ब्रेड और चपाती सहित खाद्य पदार्थों पर कोई कर नहीं लगेगा। ट्रैक्टर, कटाई मशीनरी और खाद बनाने वाली मशीनों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जो कृषि क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार ने 350 सीसी तक के दोपहिया वाहनों पर भी जीएसटी को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया है। छोटी कारें, जिनपर पहले 28 प्रतिशत टैक्स लगता था, उन्हें नए जीएसटी सुधारों के तहत 18 प्रतिशत कर दिया गया है। शिवांग के साथ आदित्य, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

उपभोक्ता कार्य विभाग ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर जीएसटी शिकायत निवारण की सुविधा शुरू की है। मंत्रालय ने कहा कि उपभोक्ता अब पोर्टल या टोल–फ्री नंबर एक नौ एक पांच के माध्यम से सत्रह भाषाओं में अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

**********

सेवा और सुशासन, के मंत्र पर चलते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – 'सेवा पर्व' में, हम चर्चा करेंगे कि कैसे मोदी सरकार ने यूपीआई क्रांति का नेतृत्व किया और डिजिटल भुगतान को सभी के लिए सहज, सुरक्षित और सुलभ बनाया।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत में तकनीकी क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने वर्ष 2016 में शुरू किए यूपीआई के माध्यम से कई बैंक खातों को एक ही मोबाइल एप्लिकेशन में एकीकृत कर देश की भुगतान व्यवस्था में क्रांति पैदा कर दी है। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपीआई की उपयोगिता के बारे में बात की थी।**

**साथियों यूपीआई का हमारा प्लेटफॉर्म आज दुनिया को अजूबा कर रहा है। हमारे में समर्थ है। रियल टाइम ट्रांजेक्शन में 50 प्रतिशत अकेला भारत यूपीआई माध्यम से कर रहा है।**

**वर्तमान में यूपीआई का दायरा व्यापक हो चुका है। अगस्त 2025 तक, यूपीआई से 20 अरब रुपये के लेनदेन हो चुके थे। मुकेश कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

पिछले सात सितंबर से शुरू हुआ पितृपक्ष आज संपन्न हो गया। पितृपक्ष के अंतिम दिन प्रदेश के सभी जिलों में लोगों ने नदियों और सरोवरो में स्नान करके अपने पूर्वजों का तर्पण और पिण्डदान किया। वाराणसी में पित्रों का पिण्डदान करने के लिए सुबह से ही गंगा नदी के घाटों पर लोगों की भीड़ उमड़ी रही। गोरखपुर के राप्ती नदी के तट पर पहुंचे लोगों ने स्नान करने के बाद तर्पण किया और अपने पित्रों के आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की।

**********

शारदीय नवरात्र कल से शुरू हो रहा है। कल सुबह श्रद्धालु अपने–अपने घरों में कलश स्थापना कर नवरात्र पूजन की शुरूआत करेंगे। नवरात्र को देखते हुए प्रदेश के सभी देवी मंदिरों और शक्ति पीठों में तैयारी पूरी कर ली गयी है। नवरात्र के पहले दिन माँ भगवती के पहले स्वरूप माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना की जाएगी।

**********